# खदानों से हम्पी को खतरा

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में कर्नाटक के **विजयनगर** ज़िले में स्थित [यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हम्पी](#) के आस-पास के क्षेत्र में पत्थर उत्खनन गतिविधियाँ शुरू हो गई हैं।

- पर्यावरणविदों और पर्यटकों ने इन गतिविधियों के कारण इस स्थल की ऐतिहासिक तथा पारिस्थितिक अखंडता पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में चिंता जताई है।

## विजयनगर साम्राज्य और हम्पी के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **विजयनगर साम्राज्य:**
    - **विजयनगर साम्राज्य या "विजय का शहर"** की स्थापना **वर्ष 1336 में हरिहर और बुक्का नामक दो भाइयों** ने की थी, जो पहले **मुहम्मद-बिन-तुगलक** की सेना में सेवा कर चुके थे।
    - वे **दिल्ली सल्तनत** से अलग हो गये और कर्नाटक में एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना की, जिसका राजधानी शहर विजयनगर तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित था।
    - उनके राज्य की स्थापना में **समकालीन विद्वान और संत विद्यारण्य (Saint Vidyaranya) की सहायता और प्रेरणा** मिली थी।
    - विजयनगर साम्राज्य पर **संगम, सलुवा, तुलुवा और अराविदु नामक चार महत्त्वपूर्ण राजवंशों** का शासन था।
    - **तुलुव वंश के कृष्णदेवराय (1509-29)** विजयनगर के सबसे प्रसिद्ध शासक थे।
        - उन्होंने तेलुगु में राजव्यवस्था पर एक ग्रंथ की रचना की जिसे **अमुक्तमाल्यदा (Amuktamalyada)** के नाम से जाना जाता है।
- **हम्पी:**
    - यह कर्नाटक के **बेल्लारी ज़िले** में स्थित है, जिसमें **विजयनगर साम्राज्य** की राजधानी **(14वीं-16वीं शताब्दी ई.)** के अवशेष शामिल हैं।
    - हम्पी के मंदिरों की एक अनूठी विशेषता यह है कि यहाँ की चौड़ी रथ सड़कें स्तंभयुक्त मंडपों की पंक्ति से घिरी हुई हैं।
    - इसके प्रसिद्ध स्थलों में **कृष्ण मंदिर परिसर, नरसिंह, गणेश, हेमकूट मंदिर समूह, अच्युतराय मंदिर परिसर**[, विठ्ठल मंदिर परिसर](#)**, पट्टाभिराम मंदिर परिसर, लोटस महल परिसर** आदि शामिल हैं।
    - **हम्पी को वर्ष 1986 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।**
    - वर्ष 1565 में **दक्कन सल्तनतों के गठबंधन द्वारा विजयनगर साम्राज्य को पराजित** कर दिया गया (तालिकोटा का युद्ध), जिसके बाद हम्पी खंडहर बन गया।

## विट्ठल मंदिर:

- इसका निर्माण 15वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के शासकों में से एक **देवराय द्वितीय के शासनकाल में हुआ था।**
- यह **विट्ठल** (भगवान विष्णु) **को समर्पित है** और इसे विजय विट्ठल मंदिर भी कहा जाता है।
- इसमें **पत्थर के रथ और संगीतमय स्तंभ** जैसे उल्लेखनीय आकर्षण हैं, जिसमें पत्थर के रथ को **50 रुपए के नोट** पर दर्शाया गया है।

## हम्पी रथ:

- यह भारत के तीन प्रसिद्ध पत्थर के रथों में से एक है, अन्य दो [कोणार्क](#) (ओडिशा) और **महाबलीपुरम** (तमिलनाडु) में हैं।
- इसे **16वीं शताब्दी में विजयनगर के शासक राजा कृष्णदेवराय के आदेश** पर बनाया गया था।
- यह **भगवान विष्णु के आधिकारिक वाहन गरुड़ को समर्पित** एक मंदिर है।

## विरुपाक्ष मंदिर:

- यह कर्नाटक के मध्य हम्पी में 7वीं शताब्दी का **शिव मंदिर** है।
- **भगवान विरुपाक्ष** जिन्हें **पंपापति** भी कहा जाता है, विरुपाक्ष मंदिर के मुख्य देवता हैं।

- इसे **वजियनगर शैली की वास्तुकला** में बनाया गया था और वजियनगर साम्राज्य के शासक **देव राय द्वतिीय** के अधीन नायक **लखन दंडेश** ने इसका नरि्माण कराया था।

## वजियनगर मंदरि वास्तुकला शैली:

- **ववधि संरचनाएँ:** इसमें **मंदरि, अखंड मूर्तयिाँ, महल,** आधकिारकि इमारतें, शहर, संचिाई प्रणालयिाँ, बावड़यिाँ और तालाब शामलि थे।
- **शैलयिों का मश्रिण:** वास्तुकला में **हदिू और इस्लामी तत्त्वों का अनूठा मश्रिण था।**
- **मंदरिों की वशिेषताएँ थीं:**
    - **मंदरिों की दीवारें नक्काशी और ज्यामतिीय पैटर्न से अत्यधकि सुसज्जति थीं।**
    - अब चारों तरफ **गौपुरम** बनाए गए।
    - अखंड चट्टान के स्तंभ
    - सामान्यतः **मंदरि के स्तंभों पर एक पौराणकि प्राणी याली (घोड़ा) उकेरा** जाता है
    - **प्रत्येक मंदरि में एक से अधकि मंडप बनाए गए थे।** केंद्रीय मंडप को **कल्याण मंडप** के रूप में जाना जाने लगा।
    - **मंदरि परसिर के अंदर धर्मनरिपेक्ष इमारतों की अवधारणा भी इसी** अवधि के दौरान शुरू की गई थी।
    - उल्लेखनीय संरचनाओं में **महानवमी टब्बिा, कल्याण मंडप और हज़ारा राम मंदरि** शामलि हैं। सजावटी तत्त्वों में **अक्सर घोड़े और राया गोपुरम (भव्य प्रवेश द्वार टॉवर) होते थे।**

# यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल




## तथ्य

- **भारत में विश्व धरोहर/विरासत स्थलों की कुल संख्या –** 40
- **कुल सांस्कृतिक धरोहर स्थल –** 32
- **कुल प्राकृतिक स्थल –** 7 (काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, मानस वन्यजीव अभयारण्य, पश्चिमी घाट, सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, नंदा देवी तथा फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क संरक्षण क्षेत्र, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान)
- **मिश्रित स्थल –** 1 (कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान)
- **सूची में सबसे पहले शामिल किये गए धरोहर स्थल –** ताजमहल, आगरा का किला, अजंता गुफाएँ तथा ऐलोरा गुफाएँ (सभी वर्ष 1983 में)
- **सूची में हाल ही शामिल किये गए स्थल (2021) –** हड़प्पाकालीन स्थल धौलावीरा (40वाँ स्थल), काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर (39वाँ स्थल)
- **सर्वाधिक विश्व धरोहरों वाले देश –** इटली (58), चीन (56), जर्मनी (51), फ्राँस (49), स्पेन (49)
- **विश्व धरोहर स्थलों की संख्या के मामले में भारत छठवें स्थान पर है।**

Drishti IAS

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है? (2021)**

(a) अजंता गुफाएँ, वाघोरा नदी की घाटी में स्थित हैं।
(b) साँची स्तूप, चंबल नदी की घाटी में स्थित है।
(c) पांडू-लेणा गुफा देव मंदिर, नर्मदा नदी की घाटी में स्थित है।
(d) अमरावती स्तूप, गोदावरी नदी की घाटी में स्थित है।

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/quarrying-threatens-hampi